**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 01.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **यूजीसी ने राज्य के शैक्षणिक संस्थनों को 21 जून को योग दिवस मनाने का जारी किया निर्देश, कहा– योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निबंधन कराना होगा अनिवार्य।**
- **देशभर के आइआइटी संस्थानों में दाखिले के लिए जेइई एडवांस की परीक्षा का रिजल्ट कल होगा जारी।**
- **झारखंड जैव विविधता बोर्ड ने राज्यभर में एंटी प्लास्टिक अभियान की शुरूआत की, जैव विविधता प्रबंधन समिति प्लास्टिक अधिकता वाले क्षेत्रों की करायेगी सफाई।**
- **झारखंड की प्रसिद्ध हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का आज सुबह इलाज के दौरान निधन, खूंटी के तोरपा में किया जायेगा अंतिम संस्कार।**
- **डेयरी गतिविधियों और दूध के पोषण से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज मनाया जा रहा विश्व दुग्ध दिवस।**

**********************

यूजीसी ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों में 21 जून को योग दिवस मनाने का निर्देश जारी किया है। यूजीसी के सचिव ने पत्र में जिक्र किया कि इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पत्र में कहा कि योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए योग पोर्टल पर शैक्षणिक संस्थानों को निबंधन कराना होगा।

**********************

गिरिडीह जिले में योग के प्रचार–प्रसार के लिए पतंजलि परिवार की ओर से छह दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शुरू हुआ। योगाचार्य सूर्य प्रकाश ने बताया शिविर मे वेलनेस थेरेपी दी जाएगी।

उद्योगपति गुणवंत सिंह ने कहा कि रोज योग करने से बीमारी दूर भागती हैं। रेखा शर्मा ने बताया कि वो दिन भर सोई रहती थी, लेकिन योग से उनका थायराइड ठीक हो गया।

**********************

झारखंड जैव विविधता बोर्ड ने **एंटी प्लास्टिक अभियान** की शुरूआत की है। **यह पहल विश्व पर्यावरण दिवस को ध्यान में रखकर की गयी है। इस वर्ष की थीम है– वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत किया जाना।** झारखंड जैव विविधता बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि जैव विविधता प्रबंधन समिति प्लास्टिक अधिकता वाले क्षेत्रों की सफाई करायेगी। अभियान में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पहले चरण में रांची, चतरा, पलामू, गिरिडीह और हजारीबाग की पचास पंचायतों में प्लास्टिक क्षेत्र की पहचान कर उसकी सफाई करायी जायेगी।

**********************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कमेटी के गठन को लेकर नया फार्मूला लागू करने की घोषणा की है जिसके तहत प्रखंडों में अध्यक्ष समेत 12 सदस्य होंगे। जिला कमेटी में अध्यक्ष समेत 24 सदस्य और प्रदेश कमेटी में अध्यक्ष समेत 48 पदाधिकरी होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री महतो ने बताया कि इस फार्मूले के तहत संगठन को अधिक चुस्त–दुरूस्त और अनुशासित बनाया जायेगा।

********************

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कृषि मंडी में आधारभूत संरचना के विकास पर जोर दिया है। कार्यकारिणी समिति की बैठक में चैंबर के सदस्यों ने बताया कि कृषि मंत्री ने डीएमएफटी फंड से कृषि मंडी में आधारभूत संरचना को विकसित करने का भरोसा दिया था। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि रांची मास्टर प्लान 2037 और जेबीबीएल 2016 के प्रावधानों की समीक्षा के लिए स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधित्व के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाये।

********************

देशभर में आइआइटी संस्थानों में दाखिले के लिए जेईई एडवांस का रिजल्ट दो जून को जारी किया जायेगा। इसके साथ ही फाइनल आंसर शीट भी जारी किया जायेगा। परिणम के आधार पर विद्यार्थी काउंसिलिंग में भाग लेंगे। काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन और च्वॉइस फिलिंग की प्रकिया तीन जून से शुरू हो जायेगी।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के शौर्य की स्मृति में, आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक करम सिंह का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में असाधारण बहादुरी का परिचय दिया था।

********************

रांची जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले में चल रही सड़क परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने अरगोड़ा–कटहल मोड़ सड़क चौड़ीकरण, पंडरा–कांके होलीडे होम और बरियातू से बड़गाईं–लेम–बोडेया तक की नयी सड़क परियोजना की समीक्षा के दौरान विभाग को रैयतों को मुआवजा भुगतान शीघ्र करने को कहा।

********************

जैक की इंटर साइंस की परीक्षा में बोकारो के एक किसान के बेटे ने प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। चास स्थित केवीकेएम इंटर कॉलेज में पढ़ने वाला जगन्नाथ सिंह चौधरी ने 474 अंक लाकर कॉलेज और परिवार का नाम रोशन किया है।

**********************

खूंटी जिले में 12वीं साइंस और कामर्स के रिजल्ट में एक बार फिर छात्राओं ने दोनों संकाय में बाजी मारी है।

**********************

खूंटी जिले में जेएसएलपीएस से जुड़ी दीदियों के लिए सोशल मीडिया हैंडल्स की उपयोगिता पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। जेएसएलपीएस की डीपीएम और कोऑर्डिनेटर ने बताया कि दीदियां अब अपने बेहतर क्रियाकलापों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में अपलोड करेंगी। इस दौरान सखी मंडल की दीदीयों ने अपना अनुभव साझा किया।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव अठासी हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

झारखंड की प्रसिद्ध हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का आज सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्हें गुरुवार को पैरालिसिस का अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। तोरपा प्रखंड टपकारा कोचा में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें कि हॉकी कोच प्रतिमा के मार्गदर्शन में भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा और सुषमा कुमारी जैसी खिलाड़ी उभरकर सामने आईं।

**********************

आज विश्व दुग्ध दिवस है। यह दिन हमें डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों की ओर ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करना है। इसका उद्देश्य हमारे आहार पर पड़ने वाले प्रभाव और हमारे खाद्य उत्पादन पर दूध के प्रभाव पर जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही दूध का उत्पादन करने वालों की आजीविका का सम्मान किया जा सके।

**********समाप्त***********